डिजीटल पत्र
दैनिक
# कांग्रेस दर्पण
पटना, 04 जुलाई, गुरुवार, 2024
बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल सदाकत आश्रम पटना - 10

# हिंसा और नफरत फैलाने वाले भाजपा के लोग हिंदू धर्म के मूल सिद्धांतों को नहीं समझते

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

नई दिल्ली। संसद में नेता विपक्ष राहुल गांधी के हिंदुत्व को लेकर दिए गए बयान के विरोध में गुजरात में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालयों के बाहर उग्र प्रदर्शन किया। इस दौरान अहमदाबाद में कांग्रेस कार्यालय पर दोनों पार्टी के कार्यकर्ता आमने–सामने आ गए थे।जिसके बाद दोनों ओर से पथराव किया गया। राहुल गांधी ने इस घटना की निंदा करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा है कि हिंसा और नफरत फैलाने वाले भाजपा के लोग हिंदू धर्म के मूल सिद्धांतों को नहीं समझते। बता दे इस घटना को लेकर राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर लिखा गुजरात कांग्रेस कार्यालय पर हुआ कायरतापूर्ण और हिंसक हमला भाजपा और संघ परिवार के बारे में मेरी बात को और पुख्ता करता है। हिंसा और नफ़रत फैलाने वाले भाजपा के लोग हिंदू धर्म के मूल सिद्धांतों को नहीं समझते। गुजरात की जनता उनके झूठ के पार साफ देख सकती है और भाजपा सरकार को निर्णायक सबक सिखाएगी मैं फिर से कह रहा हूं झ क्ठउक्रअ गुजरात में जीतने वाला है। वही गुजरात कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष हिम्मत सिंह पटेल ने बीजेपी पर आरोप लगाते हुए कहा, बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के कार्यालय पर हमला किया। पुलिस ने वहां पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं की थी। कांग्रेस कार्यालय पर आकर बीजेपी के कार्यकर्ता हमला कर रहे हैं। ये लोकतंत्र की हत्या है। कांग्रेस के उपनेता शैलेष परमार ने सीसीटीवी फुटेज देकर विधानसभा में शिकायत दर्ज कराई है।



# बीजेपी कार्यकर्ताओं द्वारा गुजरात कांग्रेस कार्यालय पर हमला दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय : डॉ० संजय

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण




बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ० संजय यादव ने गुजरात में कांग्रेस कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं द्वारा हमले की निंदा करते हुये कहा कि इससे विपक्ष के नेता जननायक राहुल गांधी की यह बात सही साबित हुई कि भाजपा नफरत और हिंसा फैलाती है। गुजरात में कांग्रेस कार्यालय पर मंगलवार को हमला हुआ है और आरएसएस एवं भाजपा के लोगों ने यह हिंसक हमला किया है। गुजरात की जनता इन्हें सही समय आने पर सबक सिखाएगी और गुजरात में इंडिया गठबंधन जीतेगा। हिंसा और नफ़रत फैलाने वाले भाजपा के लोग हिंदू धर्म के मूल सिद्धांतों को नहीं समझते। जिस प्रकार गुजरात और उड़ीसा कांग्रेस कार्यालय पर हुआ कायरता पूर्ण हिंसक हमला भाजपा के बारे में बोली गई बातो को और पुख्ता करता है। डॉ० संजय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं ने हिंसक रूप अपनाते हुए कांग्रेस कार्यालय मैं तोड़फोड़ की एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के ऊपर पत्थर बाजी किया इससे साफ जाहिर होता है भारतीय जनता पार्टी हिंसा के जरिए ही राजनीति करना चाहती है और हिंसा के रास्ते से ही सत्ता पर काबिज होना चाहती है लेकिन उनके इस मंसूबे को हिंदुस्तान की जनता पूरी तरीके से समझ चुकी है अब यह ज्यादा दिनों तक चलने वाला नहीं है। लोगों में धर्म और जाति के नाम पर आपसी विद्वेष, नफरत फैला कर जुमलों के सहारे देश मे सत्ता हथिया रहे है। पर अब इनका भांडा फुट गया है। इनका सच देश की जनता के सामने आ रहा है। आने वाले कुछ सालों में भाजपा इतिहास बन कर रह जायेगी।

## नर्सिंग घोटाले के विरुद्ध युवा कांग्रेस का सत्याग्रह खत्म, उमंग सिंघार ने कही ये बात





संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

भोपाल। प्रदेश में हुए नर्सिंग कालेज घोटाले को लेकर मप्र कांग्रेस की युवा इकाई ने राजधानी के बोर्ड आफिस चौराहे पर मंगलवार को सत्याग्रह का आगाज किया था। बुधवार को युवा कांग्रेस ने इस सत्याग्रह का विरोम दे दिया। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार दूसरे दिनइस सत्याग्रह में पहुंचे और युवा कांग्रेस अध्यक्ष मितेंद्र सिंह को बिस्कुट खिलाकर सत्याग्रह समाप्त कराया। इस अवसर पर उमंग सिंघार ने कहा कि मंत्री विश्वास सारंग का इस्तीफा न होने तक हमारी यह लड़ाई जारी रहेगी। गौरतलब है कि जब यह फर्जीवाड़ा सामने आया था, उस वक्त विश्वास सारंग चिकित्सा शिक्षा मंत्री थे।

इस मौके पर उमंग सिंघार ने युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को इस सत्याग्रह के लिए बधाई दी और कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ आपका यह संघर्ष काबिले–तारीफ है।आपकी इस लड़ाई में कांग्रेस पार्टी और उसके विधायक पूरी तरह आपके साथ हैं। यह लड़ाई सदन से लेकर मैदान तक विश्वास सारंग के खिलाफ चलती रहेगी।

सिंघार ने कहा कि हमारी लड़ाई उस मंत्री से है, जो सीएम मोहन यादव की कैबिनेट में शामिल है। मोहन यादव ऐसे भ्रष्टाचारी मंत्री को रखे हैं। अभी नए–नए मोहन यादव आए हैं। उनकी छवि स्वच्छ है। अगर वह चाहते हैं कि उनकी छवि खराब हो, मंत्री के काले दाग के छींटे उनके कपड़ों पर भी आएं तो वह उन्हें झेलें।

इस मौके पर कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस प्रभारी शेषनारायण ओझा भी सत्याग्रह में पहुंचे और युवा कार्यकर्ताओं का हौसला बुलंद किया।

## हाथरस हादसे के लिए अखिलेश ने योगी सरकार को ठहराया जिम्मेदार





संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

**नई दिल्ली**। हाथरस हादसे पर समाजवादी पार्टी सांसद अखिलेश यादव ने दुख जताते हुए बीजेपी सरकार को घेरा है। सपा प्रमुख ने यूपी सरकार की व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। अखिलेश ने सीधे–सीधे कहा कि सरकार की लापरवाही की वजह से यह हादसा हुआ है।

अखिलेश ने कहा यह बहुत दर्दनाक है जिन परिवारों के सदस्यों की जान गई है उन्हें दुख सहने की शक्ति मिले। जो हादसा हुआ है यह सरकार की लापरवाही है। ऐसा नहीं है कि सरकार को इस कार्यक्रम की जानकारी न हो। जब कभी भी इस प्रकार के कार्यक्रम होते हैं तो बड़ी संख्या में लोग इसमें शामिल होते हैं। इस लापरवाही से जो जानें गईं है उसकी जिम्मेदार सरकार है।

अखिलेश ने प्रदेश की स्वास्थ्य–व्यवस्था पर कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि हादसे के बाद कोई अगर अस्पताल पहुंच भी गया तो उन्हें पर्याप्त इलाज नहीं मिल पाया। ना ऑक्सीजन, ना दवाई, ना इलाज मिल पाया। इसकी जिम्मेदार भाजपा है, जो बड़े–बड़े दावे करती है कि हम विश्वगुरु बन गए हैं। क्या अर्थव्यवस्था का मतलब यह है कि किसी आपातकाल स्थिति में आप लोगों का इलाज न कर पाएं?

हाथरस में सत्संग के दौरान हुई भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई। देश को झकझोर देने वाली यह घटना तब हुई जब नारायण साकार विश्व हरि (भोले बाबा) के सत्संग के बाद उनका चरण रज लेने और दर्शन करने के लिए लोग आतुर हो गए। मृतकों में अधिकतर महिलाएं शामिल।

# हिंदुत्व के मामले में उद्धव सेना ने कहा कि राहुल गांधी अकेले ही नरेंद्र मोदी और अमित शाह पर भारी पड़ गए

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

**नई दिल्ली।** लोकसभा में दिए राहुल गांधी के भाषण की उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना ने खूब तारीफ की है। मुखपत्र 'सामना' में लिखे आर्टिकल में उद्धव सेना ने कहा कि राहुल गांधी अकेले ही नरेंद्र मोदी और अमित शाह पर भारी पड़ गए। अखबार ने लिखा कि राहुल गांधी ने भाजपा और मोदी-शाह के हिंदुत्व वाले मुखौटे को उतार दिया। उन्होंने उन लोगों को हिंदू धर्म का सही अर्थ समझाया है। अखबार ने लिखा, 'राहुल गांधी ने साफ किया कि भाजपा हिंदू और हिंदुत्व का प्रतिनिधित्व नहीं करती। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह के हिंदुत्व वाले मुखौटे को उतार फेंका। राहुल गांधी इसके लिए तारीफ के हकदार हैं।' राहुल गांधी ने यह बताया कि भाजपा के लोग हिंदुत्व के नाम पर हिंसा फैलाने की बात करते हैं। वे नफरत फैला रहे हैं। उन्होंने भाजपा वालों को बताया कि असली हिंदुत्व सहिष्णुता में है और बिना किसी डर के सच को उजागर किया है। उद्धव सेना ने कहा,



'राहुल गांधी की टिप्पणी ऐसी थी कि पीएम को भी खड़ा होना पड़ा। वह राहुल गांधी पर हिंदुओं के अपमान का आरोप लगाने लगे। राहुल गांधी ने इस पर जवाब भी दिया और कहा कि आप हिंदुत्व का अर्थ नहीं समझते। भाजपा ही हिंदुत्व नहीं है।' उद्धव सेना का मुखपत्र लिखता है, 'बीते 10 सालों में अब तक किसी भी नेता ने इस तरह से अमित शाह और नरेंद्र मोदी को चैलेंज नहीं किया था। उनके चेहरे देखने लायक थे।' अखबार ने लिखा कि बीते 10 सालों से भाजपा की सरकार विपक्ष को हाशिये पर रख रही थी। लेकिन अब राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्ष आगे बढ़ रहा है। संसद में विपक्ष ने आवाज उठाई है। पहली बार इन लोगों को हिंदुत्व के नाम पर ही चुनौती मिली है। 'एक अकेला मोदी-शाह पर भारी' शीर्षक से लिखे आर्टिकल में उद्धव सेना ने कहा कि उन्होंने पूरी सरकार को अकेले ही नाको चने चबवा दिए। एक तरफ पीएम मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह, रविशंकर प्रसाद, किरेन रिजिजू, भूपेंद्र यादव थे तो वहीं दूसरी तरफ अकेले राहुल गांधी थे। उन्होंने सीधे मोदी और शाह के अहंकार पर चोट की है।


# आरएसएस के लोगों ने शुरु से ही संविधान का विरोध किया

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

मैं आपको बताना चाहता हूं कि ड्राफ्टिंग कमेटी के चेयरमैन बाबासाहेब आंबेडकर ने अपने शब्दों में कहा है किः१मुझे बहुत आश्चर्य हुआ जब प्रारूप समिति ने मुझे अपना अध्यक्ष चुना, क्योंकि समिति में मुझसे बेहतर और सक्षम लोग थे। ये कांग्रेस पार्टी के अनुशासन का ही कमाल है कि प्रारूप समिति संविधान सभा में संविधान की हर धारा व हर संशोधन करने के बारे में निश्चित जानकारी के साथ प्रस्तुत कर सकी।इसलिए संविधान सभा के समक्ष संविधान के प्रारूप के अबाध रूप से प्रस्तुत किए जाने के समस्त श्रेय पर कांग्रेस पार्टी का हक है। फिर भी पीएम मोदी बार-बार कहते हैं कि कांग्रेस ने बाबासाहेब आंबेडकर को सम्मान नहीं दिया। हमने सदन से वॉकआउट इसलिए किया, क्योंकि **PM** मोदी ने धन्यवाद प्रस्ताव में कुछ गलत बातें कहीं झूठ बोलना, लोगों को गुमराह करना और सच के खिलाफ बोलना मोदी की आदत है मैं सदन में ढट मोदी से कहना चाहता था कि संविधान आप लोगों ने नहीं बनाया, आप लोग संविधान के खिलाफ थे मैं स्पष्ट करना चाहता था कि आरएसएस के लोगों ने शुरू से ही संविधान का विरोध किया था और आंबेडकर जी, नेहरू जी के पुतले जलाए थे कांग्रेस अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष राज्य सभा मल्लिकार्जुन खड़गे जी




गुजरात कांग्रेस कार्यालय पर भाजपा के द्वारा हुए हमले में दो दिन से प्राथमिकी नहीं हो रही है। दूसरी तरफ हमले करने वाले भाजपा के लोगों की और से प्राथमिकी दर्ज हो चुका है। और पुलिस ने भी कांग्रेस के कार्यकर्ता पर प्राथमिकी दर्ज की हे। कल अगर प्राथमिकी नहीं हुआ तो हम धरना पर बैठेंगे।



# गुजरात में कांग्रेस कार्यालय व कार्यकर्ताओं पर कायराना एवं हिंसक हमला अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण



संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

गुजरात में **RSS-BJP** के लोगों द्वारा कांग्रेस कार्यालय व कार्यकर्ताओं पर कायराना एवं हिंसक हमला अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय है। भाजपा देश में सिर्फ हिंसा और नफरत की राजनीति करती है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी ने यही बात कही तो भाजपा ने झूठ फैलाकर ध्यान भटकाने का प्रयास किया लेकिन उसी समय उनकी पार्टी ने यह साबित कर दिया कि राहुल जी सच कह रहे हैं।

अब देश में यह हिंसा और नफरत नहीं चलने वाली। आने वाले वक्त में गुजरात की जनता भाजपा को सबक सिखाएगी।

# हेमंत सोरेन एक बार फिर झारखंड के मुख्यमंत्री बनने जा रहे, इस्तीफे के बाद चंपाई को नई जिम्मेदारी

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

**रांची।** हेमंत सोरेन एक बार फिर झारखंड के मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और आरजेडी के विधायक दल की बैठक में हेमंत सोरेन को एक बार फिर सरकार का मुखिया चुन लिया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी है। कथित जमीन घोटाले में सोरेन की गिरफ्तारी के बाद सीएम बने चंपाई सोरेन इस्तीफा देंगे। उन्हें झामुमो का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया जा सकता है। अभी हेमंत सोरेन सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष हैं। हेमंत सोरेन को भूमि घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में हाई कोर्ट से जमानत मिलने के बाद 28 जून को जेल से रिहा किया गया था। हेमंत सोरेन ने गिरफ्तारी के बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद उनके करीबी सहयोगी और मंत्री



चंपाई सोरेन राज्य की बागडोर सौंपी गई थी। चंपई ने 2 फरवरी को राज्य के 12वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। सोरेन की रिहाई के बाद से ही अटकलें लगाईं जा रहीं थीं कि वह एक बार फिर कुर्सी संभाल सकते हैं। 1,500 चयनित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित करने सहित मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के सभी महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को अचानक रद्द किए जाने से अटकलों को बल मिला था कि कोई बड़ा फैसला लिया जा सकता है। मंगलवार को भी उनके सभी सार्वजनिक कार्यक्रम रद्द कर दिए गए थे। राज्य में नेतृत्व परिवर्तन ऐसे समय पर किया जा रहा है जब कुछ ही महीने बाद विधानसभा चुनाव होना है। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में गठबंधन ने अच्छा प्रदर्शन किया है। जेल से रिहाई के बाद हेमंत सोरेन भाजपा पर आक्रमक हैं और माना जा रहा है कि 'विक्टिम कार्ड' खेलते हुए वह आगामी चुनाव में भाजपा को शिकस्त देने की कोशिश करेंगे।

# तेलंगाना में KCR को झटका, राहुल की मौजूदगी में सांसद केशव राव कांग्रेस में शामिल हुए



संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

तेलंगाना में KCR को झटका लगा है। इसके सीनियर नेता और सांसद डॉ केशव राव आज राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी की मौजूदगी में कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गये। दिल्ली में इस दौरान तेलंगाना के उट रेवंत रेड्डी, केसी वेणुगोपाल और दीपा दास मुंशी भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि अब केसीआर की पार्टी का नाम बदल कर भारत राष्ट्र समिति यानी BRS हो गया है।

**2013 में केसीआर की पार्टी में गये:** बता दें कि केशव राव पहले कांग्रेस में ही थे। मई 2013 में वह केसीआर की पार्टी तेलंगाना राष्ट्र समिति में शामिल हो गये थे। 2006 में वे पहली बार कांग्रेस के कोटे से ही राज्यसभा सांसद बने थे। 2014 में केसीआर की पार्टी से राज्यसभा में भेजे गये थे। राव एक प्रमुख छात्र नेता थे और विश्वविद्यालय व राष्ट्रीय स्तर पर निर्वाचित पदों पर रहे। वे एक ट्रेड यूनियन नेता भी रहे हैं।

**कई बार गिरफ्तार हुए:** राव ने कई पिछड़ा वर्ग के अधिकारों और नागरिक अधिकारों जैसे जन आंदोलनों का नेतृत्व किया है। इस दौरान राव को कई बार पुलिस ने गिरफ्तार किया और हिरासत में लिया गया। उनका नाम तेलंगाना अलग राज्य के आंदोलनकारियों में प्रमुखता से लिया जाता है। सिनेमा के क्षेत्र में भी वे सक्रिय रहे। 1979 में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता तेलुगु फीचर फिल्म 'निमज्जनम' के वे निर्माता और पटकथा लेखक थे।

# हाथरस में जो दुखद घटना घटी, उसका जिम्मेदार कौन है?

अनुमति से तीन गुना ज्यादा भीड़, मौके पर प्रशासन नहीं, भीड़ मैनेजमेंट का इंतजाम नहीं, भीषण गर्मी से बचने का कोई उपाय नहीं, कोई मेडिकल टीम नहीं, घटना के बाद एंबुलेंस नहीं, मदद के लिए फोर्स नहीं, अस्पताल में डॉक्टर और सुविधाएं नहीं... लापरवाहियों की इतनी लंबी लिस्ट लेकिन किसी की कोई जवाबदेही नहीं। हाथरस में जो दुखद घटना घटी, उसका जिम्मेदार कौन है?

कभी पुल गिरने से, कभी ट्रेन एक्सीडेंट से, कभी भगदड़ से सैकड़ों मौतें होती हैं। लीपापोती करने की बजाए सरकार का दायित्व होता है कि कार्रवाई करे और ऐसे हादसों को रोकने की योजना तैयार करे। मगर जवाबदेही तय होती नहीं है और ऐसे हादसे होते रहते हैं। यह बहुत दुखद स्थिति है।



# अगर मणिपुर के लिए न्याय माँगने में अगर हमें 100 बार भी नारेबाज़ी करनी पड़े तो हम करेंगे

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

आज मर्यादा पर बहस छिड़ी हुई है

भाजपाई, भक्त और नरेंद्र मोदी का चरणचुंबक मीडिया सदन की CCTV फुटेज के आधार पर विपक्ष को मर्यादा का पाठ पढ़ा रहे हैं मर्यादा का सारा ठीकरा विपक्ष पर ही है क्या? कहाँ थी मर्यादा जब 146 सांसदों को एक साथ निलंबित करके जबरन क़ानून पास कराये गये? कहाँ थी मर्यादा जब विपक्षी सांसदों का माइक बंद किया जाता है? कहाँ थी मर्यादा जब नेता प्रतिपक्षी बोलने पर स्पीकर को दिखाया जाता है?

इन मर्यादा के ठेकेदारों ने यह पूछना ज़रूरी नहीं समझा कि आखिर 2 घंटे 14 मिनट की मोदी की स्पीच के दौरान विपक्ष को एक बार भी क्यों नहीं दिखाया गया?




मर्यादा जनादेश का पालन करने में है और जनादेश यह है कि अहंकारी सरकार की नकेल कस कर रखी जाए. मर्यादा सच के लिए लड़ने में है, मर्यादा अन्याय के ख़िलाफ़ आवाज़ उठाने में है, मर्यादा साहस में है

जनादेश है कि मणिपुर के लिए न्याय माँगा जाए. और अगर मणिपुर के लिए न्याय माँगने में अगर हमें 100 बार भी नारेबाज़ी करनी पड़े तो हम करेंगे

मर्यादा का उल्लंघन मणिपुर को उसके हाल पर छोड़ देने में है, वहाँ से मुँह मोड़ने में है, वहाँ ना जाने में है – मर्यादा नरेंद्र मोदी ने लांघी है.

श्रीमती सुप्रिया श्रीनते

# भाजपा नेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की



संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

विपक्ष नेता श्री राहुल गांधी जी के विरुद्ध डोईवाला भाजपा द्वारा अमर्यादित कृत्य करने पर आज परवादून जिलाध्यक्ष श्री मोहित उनियाल जी के नेतृत्व में #परवादूनजिलाकांग्रेस ने डोईवाला कोतवाली में प्रदर्शन व भाजपा नेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

कुछ समय पूर्व किसानों के आंदोलन के दौरान डोईवाला चीनी मिल के सामने माननीय मुख्यमंत्री जी का फ़ोटो लगा पुतला दहन किया गया था, जिस पर कई लोगों के विरुद्ध मुकदमे दर्ज किए गए थे। परन्तु मंगलवार (दो जुलाई 2024) को घटित प्रकरण, जिसमें माननीय नेता प्रतिपक्ष लोकसभा राहुल गांधी जी के प्रति अशोभनीय टिप्पणियाँ करते हुए उनका फोटो लगाकर पुतले को पीटते हुए जलाया गया है, में कोई कार्रवाई नहीं किया जाना दुखद है। यह व्यवस्था कानून को सत्ता के दृष्टिकोण से लागू करना दर्शाती है।

इस दौरान पीसीसी सदस्य गौरव चौधरी, डोईवाला गन्ना समिति अध्यक्ष मनोज नौटियाल ,डोईवाला कांग्रेस नगर अध्यक्ष करतार नेगी, डोईवाला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद कपरूवाण शास्त्री, मुकेश प्रसाद, गौरव मल्होत्रा, एससी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष प्रकाश नेगी, पूर्व प्रधान उम्मेद बोरा आदि उपस्थित रहे ।

# आज एनएसयूआई (सेंट्रल) ने सड़कों पर उतरकर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाली भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

**RO/ARO, UP** पुलिस भर्ती व **NEET** परीक्षाओं का पेपर लीक होना और अब **PCS-J** परीक्षा में धांधली ने यह साबित कर दिया कि आदित्यनाथ सरकार पेपर लीक माफियाओं के सामने नतमस्तक हो चुकी है। जिसकी कीमत परीक्षार्थियों को अपना भविष्य दांव पर लगाकर चुकाना पड़ रहा है। आज एनएसयूआई (सेंट्रल) ने सड़कों पर उतरकर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाली भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। संसद में राहुल गांधी जी और सड़कों पर उनके बब्बर शेर छात्रों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करते रहेंगे।



## माननीय कांग्रेस विधायक गणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी न होने को लेकर ज्ञापन सौंपा



संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

आज #हरिद्वार में जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय पर पहुँचकर ग्राम शांतरशाहा में हुए नाबालिग की निर्मम हत्या मामले में कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष श्री **Yashpal Arya** जी, एवं माननीय कांग्रेस विधायक गणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी न होने को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान माननीय विधायक श्री **Ravi Bahadur** जी माननीय विधायका श्रीमती **Mamta Rakesh MLA** जी, माननीय विधायक हाजी फुरक़ान जी , माननीय विधायका श्रीमती अनुपमा रावत जी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## हाथरस के सत्संग में जैसा हादसा हुआ, ऐसे कार्यक्रमों में लोगों की सुरक्षा के लिए कोई कानून नहीं है।



संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

हाथरस के सत्संग में जैसा हादसा हुआ, ऐसे कार्यक्रमों में लोगों की सुरक्षा के लिए कोई कानून नहीं है। इसलिए इस तरह के कार्यक्रमों में लोगों की सुरक्षा के लिए कानून बनने चाहिए। जैसे– सत्संग कितनी बड़ी जगह में हो रहा है, वहां से अस्पताल कितनी दूर है। ये जरूरी है कि कर्नाटक और महाराष्ट्र की तरह ही 'अंध श्रद्धा' के खिलाफ कानून बनाए जाएं, ताकि पैसों के लिए लोगों को लूटने वाले नकली लोगों पर पाबंदी लगाई जा सके। : कांग्रेस अध्यक्ष और राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष श्री **Mallikarjun Kharge**

# पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अजय बोले, मौका मिला तो जमशेदपुर पूर्वी से लड़ूंगा चुनाव

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण




आज सत्ता पक्ष सदन की CCTV फुटेज लीक करके मर्यादा का पाठ पढ़ा रहा है।

क्या मर्यादा की सारी सीमाएं सिर्फ विपक्ष के लिए हैं?

ये मर्यादा कहां थी..

* जब विपक्ष के 146 सांसदों को एक साथ सस्पेंड कर दिया जाता है

* जब जनता की आवाज उठाने पर विपक्ष का माइक बंद कर दिया जाता है

* जब नेता प्रतिपक्ष के भाषण के दौरान स्पीकर को दिखाया जाता है

* जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मणिपुर को उसके हाल पर जलने के लिए छोड़ देते हैं

* जब अपने 2 घंटे 14 मिनट के भाषण में प्रधानमंत्री मणिपुर को नजरअंदाज कर देते हैं

सच्चाई ये है कि..

कल लोकसभा में मणिपुर के दो सांसद मौजूद थे, जो मणिपुर के दो अलग समुदायों से जुड़े थे।

सदन में एक समुदाय के सांसद को बोलने का मौका दिया गया, लेकिन दूसरे सांसद को बोलने का मौका नहीं मिला।

इसलिए विपक्ष के सांसद चाहते थे कि मणिपुर के दोनों समुदायों के सांसदों को बोलने का मौका दिया जाए, यही विपक्ष की मांग थी।

इस बात को लेकर पूर्वोत्तर के सांसद खड़े हुए और उनके साथ पूरा विपक्ष खड़ा हुआ, क्योंकि सब जानते थे कि अगर दो समुदायों के किसी एक सांसद को ही अपनी बात रखने का मौका मिला, तो इसका बेहद गलत संदेश जाएगा।

लेकिन इखढ के मीडिया सेल ने सारी मर्यादाओं को लांघकर ये प्रोपेगेंडा फैलाने की कोशिश की कि विपक्ष सदन चलने नहीं दे रहा।

विपक्ष की असली मर्यादा– निडर और बेखौफ होकर जनता की आवाज उठाने में है, जनता के लिए लड़ने में है, सच का साथ निभाने में है।

और जनता की आवाज है कि पिछले एक साल से नफरत की आग में जल रहे मणिपुर को न्याय मिले। मणिपुर में शांति बहाल हो।

मणिपुर को न्याय दिलाने के लिए अगर हमें हजार बार भी आवाज उठानी पड़ी तो हम उठाएंगे, पीछे नहीं हटेंगे।

हम हर कीमत पर विपक्ष की जिम्मेदारी और धर्म निभाएंगे। मणिपुर को न्याय दिलाकर रहेंगे।

# मध्यप्रदेश के गांव और गरीब अभाव की आदत में जी रहे हैं!

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण



* मध्य प्रदेश सरकार आज बजट पेश कर रही है. इसे यूं भी कहा जा सकता है कि देश के बड़े कर्जदार राज्यों में शामिल मध्य प्रदेश आज अपने घाटे को बढ़ाने और नए कर्ज लेने का खुलासा करने वाला है.

* यह दौर महंगाई और बेरोजगारी का है. यह समय गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिलाओं से जुड़ी समस्याओं को दूर करने का है. क्या आज पेश होने वाला मध्य प्रदेश का बजट इन पांच बिंदुओं पर बात करेगा?

* मध्यप्रदेश के गांव और गरीब अभाव की आदत में जी रहे हैं! बजट के आंकड़े उन्हें देखते तो हैं लेकिन वे बजट के जरिए होने वाले विकास को कभी देखा नहीं पाते हैं! मध्य प्रदेश में ऐसा @इखढ4टढ की हर सरकार में हो रहा है!

* किसानों के साथ खुली धोखाधड़ी करने वाली @इखढ4क्ल्र्र चीख–चीखकर वादा करने के बावजूद गेहूं और धान का मुंह से बोला गया समर्थन मूल्य नहीं दे पाई है! चुनावी सभा में इस बात को वर्तमान मुख्यमंत्री से लेकर वर्तमान केंद्रीय कृषि मंत्री ने भी कई बार बोला है!

* एक मशहूर कथन है – ₹ जिस दिन महिलाएं अपने श्रम का हिसाब मांगेंगीं, उस दिन दुनिया की सबसे बड़ी चोरी पकड़ी जाएगी!₹ ये धारणा #लाड़लीबहनायोजना के संदर्भ में 100% सही है! क्या आज पेश होने वाला बजट 3000 प्रतिमाह के प्रावधान को मंजूरी देगा?

* रोजगार गारंटी के नाम पर ब्रह्मांड का सबसे बड़ा झूठ बोलने वाली #भाजपा को इस बजट में यह भी बताना होगा कि युवा कल्याण के नाम पर उसका ₹जुबानी–अपराध₹ कब तक जारी रहेगा? कब तक वह युवा भविष्य की हत्या का आपराधिक–कृत्य करती रहेगी?

* मध्य प्रदेश में भी #टरटए को तबाह करने के बाद क्या इस बजट में भी औद्योगिक विकास के लिए कोई झूठा सपना दिखाया जाएगा? अब सिर्फ #उज्जैन को देखने की अभ्यस्त हो गई सरकार की आंखें, #व्रंल्ल के अलावा भी उद्योगों के विकास की बात करेगी?

* मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार भी सरकार के ₹पेपर–प्लेन₹ आंकड़ों को लेकर उंची उड़ान भरेंगे, लेकिन वे जब जमीन पर लौटेंगे, तो सिर्फ झूठ और कर्ज की कहानी ही सुनाएंगे! सरकार कर्ज लेती रहेगी और घी में नहाती रहेगी! वोट देकर जनता इस बार भी खुद को ठगा हुआ महसूस करती रहेगी!

श्री जीतू पटवारी